दिन–शनिवार दिनांक– 13/12/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

राज्य सरकार ने नवगठित तीन विभागों की जिम्मेवारी प्रभारी मंत्रियों को सौंप दी है। कैबिनेट विभाग से जारी अधिसूचना के अनुसार नागर विमानन विभाग की जिम्मेदारी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पास रहेगी। उच्च शिक्षा विभाग की जिम्मेदारी शिक्षा मंत्री सुनील कुमार संभालेंगे, जबकि युवा, रोजगार और कौशल विभाग की जिम्मेदारी श्रम संसाधन विभाग के मंत्री संजय सिंह टाईगर को दी गयी है।

———————————————————

पटना उच्च न्यायालय समेत प्रदेश की सभी अदालतों में आज राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। लोक अदालत में आपसी समझौते के आधार पर विभिन्न प्रकार के दीवानी और कुछ प्रकार के आपराधिक मामलों का निपटारा किया जा रहा है। लोक अदालत में बैंक ऋण, बिजली वाद, वाहन दुर्घटना बीमा, वाहन चालान और श्रमवाद जैसे मामले आपसी सहमति के आधार पर निष्पादित किये जा रहे हैं।

———————————————————

राजगीर स्थित बिहार पुलिस अकादमी में आज प्रशिक्षु पुलिस अवर निरीक्षकों का दीक्षांत परेड समारोह आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने परेड की सलामी ली। दीक्षांत परेड में एक हजार दो सौ अठारह प्रशिक्षु पुलिस अवर निरीक्षक शामिल हुए।

———————————————————

रक्सौल में एसएसबी कैंप सैंतालीसवीं बटालियन के बासठवें स्थापना दिवस पर बॉर्डर यूनिटी रन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, स्थानीय सांसद डॉक्टर संजय जायसवाल और विधायक प्रमोद कुमार शामिल हुए। यूनिटी रन में हजारों की संख्या में स्थानीय युवाओं ने सहभागिता की। विजेताओं को सम्मानित किया गया। इधर, सुपौल के वीरपुर में भी एसएसबी की ओर से बॉर्डर यूनिटी रन का आयोजन किया गया। इस दौरान वाहिनी मुख्यालय में पौधारोपण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

———————————————————————————

राष्ट्र आज संसद आतंकी हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। तेरह दिसंबर दो हजार एक को आज ही के दिन सुरक्षाकर्मियों ने संसद की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया था। उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, कई केंद्रीय मंत्रियों और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने संसद भवन में शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की।

———————————————————————————

प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में सुबह और शाम के समय कुहासा छाये रहने से ठंड के एहसास में बढ़ोतरी हुई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान किशनगंज सात दशमलव छह डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ प्रदेश का सबसे ठंडा स्थान रहा। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले तीन दिनों के दौरान तापमान में किसी विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। सुबह के समय कुछ स्थानों पर हल्के से मध्यम स्तर का कुहासा छाया रहेगा। इधर, कोहरे के कारण आज आरा—मोहनिया फोरलेन पर चार गाड़ियां आपस में टकरा गयी। इस हादसे में कई लोगों को मामूली चोट आई हैं।

———————————————————————————

ठंड को देखते हुये शिक्षा विभाग ने सभी सरकारी विद्यालयों के लिए संशोधित समय सारणी जारी की है। समय सारणी के अनुसार सभी विद्यालय सुबह साढ़े नौ बजे से अपराह्न चार बजे तक संचालित होंगे। माध्यमिक शिक्षा निदेशक सज्जन आर. ने बताया कि संस्कृत और उर्दू विद्यालय भी संशोधित समय सारणी के अनुसार ही संचालित होंगे।

———————————————————————————

किशनगंज के महेश बथना स्थित कन्या प्लस टू आवासीय उच्च विद्यालय की अठारह छात्राएं विषाक्त भोजन खाने से बीमार हो गयीं। सभी को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सभी की स्थिति खतरे से बाहर है।

———————————————————————————

मुजफ्फरपुर न्यू बाईपास ओवर ब्रिज के पास अपराधियों ने एक फाइनान्स कर्मी से हथियार के बल पर सत्रह लाख रुपये लूट लिये। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

---

पूर्वी चंपारण जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के रामगढ़वा गांव में अपराधियों ने आपसी विवाद में एक युवक की हत्या कर दी।

---

किशनगंज जिले के गलगलिया चेक पोस्ट पर एक करोड़ रुपये मूल्य के दो क्विंटल से अधिक गांजे के साथ पुलिस ने दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। अब आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।